# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/7371
दिनांक 23-11-2022

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर संचालित बी0ए0, बी0काम0 (संस्थागत/व्यक्तिगत), बी0एस–सी, बी0एस–सी0 फिजिकल एजूकेशन हैल्थ एण्ड स्पोर्टस (संस्थागत) तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित एम0ए0/एम0काम0 (व्यक्तिगत) पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2022 (सत्र 2021-22) सम्पन्न करायी जा चुकी हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त उपरोक्त सन्दर्भित समस्त पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा भी करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की **बैक पेपर परीक्षा** के परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जाने प्रस्तावित हैं :–

ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार प्रस्तावित है –

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | **23.11.2022** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने तथा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **29.11.2022** |
| 03. | समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा कराने एवं सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि | **01.12.2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **03.12.2022** |

नोट :– 1. **बैक पेपर परीक्षा के नियम संलग्न हैं।**

2. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध वार्षिक/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
3. मात्र मुख्य परीक्षा – 2022 में सम्मिलित छात्र ही उक्त बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं। मुख्य परीक्षा–2022 से पूर्व के छात्र इस बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी/पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही **विशेष बैक पेपर परीक्षा** हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## बैक पेपर परीक्षा–2022 के नियम

**Rules for Back Paper Exam-2022**

पत्रांक : परीक्षा/7371
दिनांक : 23-11-2022

**A- केवल मुख्य परीक्षा–2022 में सम्मिलित परीक्षार्थियों हेतु बैक पेपर परीक्षा–2022 में सम्मिलित होने की अर्हता :**
**Those students who appeared in Main Exam-2022 only eligible for Back Paper Exam-2022**

1. किसी भी छात्र/छात्रा को री–बैक (बैक पेपर की पुनः परीक्षा) की अनुमति नहीं दी जायेगी।
   Students will not be permitted for re-back exam. (The candidates who have already availed a chance for back paper will not be permitted for Back paper again).
2. ऐसे छात्र/छात्रा जिन्होंने पार्ट II/III/IV की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है परन्तु बैक पेपर परीक्षा देने के उपरान्त भी ऐसे छात्र पार्ट I/II/III की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हैं तो ऐसे सम्बन्धित छात्र/छात्रा पुनः बैक पेपर में सम्मिलित नही होंगे बल्कि उन्हें उस कक्षा (अनुत्तीर्ण कक्षा) की सम्पूर्ण परीक्षा देनी होगी।
   The candidates who have passed Part II/III/IV examination but remain failed in back paper exam of Part I/II/III, such students will not be permitted again to appear in the back paper, these candidates will have to appear in the exam of the same class in which they remained fail.
3. जो छात्र/छात्रा, स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में श्रेणी/अंक सुधार परीक्षा (Improvement of Division/Percentage) हेतु मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होते हैं, उन्हें बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है।
   The candidates of U.G./P.G. main examination who had appeared for Improvement of Division will not be allowed to appear in the Back paper examination.
4. एकल विषय (एक विषय) की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी बैक पेपर परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह नहीं है।
   The Students who had appeared in single subject examination are not entitled to appear in Back paper exam.
5. परीक्षा में अंक सुधार की दृष्टि से अथवा बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आगामी बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल एक ही अवसर देय होगा।

<u>अभ्यर्थी/परीक्षार्थी को बैक पेपर परीक्षा में अनुमन्य पेपर संख्या</u>

| | | |
|---|---|---|
| बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एस–सी0 (वार्षिक प्रणाली) | – | एक मुख्य विषय/ग्रुप का एक अथवा एक से अधिक विषय कोड |
| एम0कॉम0 (व्यक्तिगत), बी0एस–सी0 (कृषि), बी0एस–सी0 (PE.HE. & Sports), एल0एल0बी0 (वार्षिक प्रणाली) | – | अधिकतम 02 पेपर |
| ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें छः या छः से अधिक पेपर सम्मिलित हैं | – | अधिकतम 02 पेपर |
| एम0ए0 (व्यक्तिगत), एल0एल0एम0 (वार्षिक प्रणाली) | – | केवल 01 पेपर |

<u>नोट</u> : **अभ्यर्थी/परीक्षार्थी को उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य विषय के साथ फाउन्डेशन कोर्स, क्वालीफाईंग कोर्स के प्रश्न–पत्रों में यदि वह इसमें उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण है तो इसके बैक पेपर परीक्षा की अनुमन्यता होगी।**

स्नातक स्तर पर दो प्रश्न–पत्रों में, स्नातकोत्तर स्तर पर एक प्रश्न–पत्र में तथा जिन पाठ्यक्रमों में 06 या 06 से अधिक प्रश्न–पत्र हैं उनमें दो प्रश्न–पत्रों में, एल0एल0एम0/एम0एड0 में किसी एक प्रश्न–पत्र में तथा बी0एड0 एवं एल0एल0बी0 में दो प्रश्न–पत्रों में बैठने की अनुमति दी जा सकती है। यदि कोई छात्र मुख्य विषय के साथ फाउन्डेशन कोर्स व क्वालीफाईंग कोर्स में भी फेल हैं तो वह मुख्य विषय के साथ एक फाउन्डेशन कोर्स बैक पेपर परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होगा।
The candidate of main Exam desirous for improvement in marks of their main examination are entitled to appear once the Back Paper Exam which is held just after Main Examination.

**<u>No's of the papers admissible</u>**

| | | |
|---|---|---|
| B.A., B.Com., B.Sc. (Annual System) | – | One or More paper of a main subject/ one or more code of a group |
| M.Com (Pvt.), B.Sc. (Ag), B.Sc. (PE HE & Sports), LL.B. (Annual System) | – | Maximum 02 paper |
| The courses consisting of Six or more paper (PG Course only) | – | Maximum 02 paper |
| M.A. (Pvt.), LL.M. (Annual System) | – | Only 01 paper |

**Note :** The candidates who remain passed/failed in Foundation course, Qualifying course along with main subject He/ She may appear in Back paper of this course in addition to above.

क्रमशः....... 2

B- आवश्यक / महत्वपूर्ण निर्देश :
**Important Instructions :**

1. परीक्षा आवेदन पत्र पर लगाये जाने वाला फोटो (चित्र) छः माह से पूर्व का न हो।
   The photo graph to be pasted on the examination form must not be more then six month old.
2. अनुक्रमांक सहित सभी प्रविष्टियाँ, परीक्षार्थी द्वारा आन–लाईन प्रक्रिया के अनुसार ही सावधानीपूर्वक भरनी है।
   All the entries including roll number etc. must be filled carefully as given earlier in the form submitted online.
3. छात्र द्वारा अनुक्रमांक के कॉलम में मुख्य परीक्षा–2022 में आवंटित अनुक्रमांक ही भरना अनिवार्य है।
   Roll Number allotted in Main Exam-2022 must be filled in the column of Roll No.
4. परीक्षार्थी को इस बैक पेपर आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अंकतालिका अथवा इसके प्राप्त न होने की दशा में इण्टरनेट से प्राप्त अंकतालिका की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित करते हुए संलग्न करना आवश्यक है। अंकतालिका आवेदन पत्र के साथ संलग्न न किये जाने की दशा में, बैक पेपर परीक्षा का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
   The candidate must enclose self attested copies of mark sheet issued by the University or downloaded mark sheet from internet. In case, mark sheet is not enclosed, the examination form shall be treated as canceled.
5. परीक्षार्थी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र में प्रश्न–पत्रों / कोड संख्या को पूर्व निर्गत अंकतालिका के आधार पर ही भरा गया है।
   The candidate must ensure that the paper and code are filled, as given in the mark sheet issued to them for Main Exam-2022.
6. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2022-23 की परीक्षा हेतु उच्च कक्षा / भाग में प्रवेश लिया हो, परीक्षा आवेदन पत्र भरकर जमा कराया हो तो ऐसे अभ्यर्थियों को बैक पेपर परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाने पर उनका उच्च कक्षा हेतु लिया गया प्रवेश / परीक्षा फार्म पूर्व वर्ष की कक्षा / भाग में परिवर्तित कर दिया जायेगा।
   The Candidates who have been admitted in session 2022-23 in higher class/ part of the course & have submitted the examination form for the same. If remain fail in back paper exam, may appear in the whole exam of the previous class. The form submitted will be converted for this part of course by the University itself.
7. बैक पेपर परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त किसी भी दशा में कोड परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
   After submission of back paper exam form, no Change in course/ code shall be permitted.
8. बैक पेपर परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क वापिस / समायोजित नहीं होगा।
   After submission of back paper exam, neither refund of fees nor adjustment of fees will admissible in any case.
9. बैक पेपर परीक्षा हेतु महाविद्यालय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
   No Change the College shall be permitted for Back Paper Examination.
10. यदि उपर्युक्त नियमों / निर्देशों में कोई त्रुटि टंकण अथवा अन्य कारण से दृष्टिगोचर होती है तो इसका सुधार विश्वविद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से किया जा सकेगा।
    In case any mistake is observed due to typing or any other reason in the rules/instructions. The same may be corrected through website of the University.

21/11

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)